DAINIK BHASKAR- KOTA- AUGUST 22, 2017

चम्बल फर्टीलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः गढेपान, जिला कोटा, राजस्थान, पिन – 325208
टेलीफोन नं.: 0744–2782915; फैक्स नं.: 07455–274130
कॉर्पोरेट कार्यालयः "कॉर्पोरेट वन", प्रथम मंजिल, 5, व्यवसायिक केन्द्र, जसोला, नई दिल्ली – 110025
टेलीफोन नं.: +91–11–46581300, 41697900; फैक्स नं. +91–11–40638679
ई–मेलः isc@chambal.in; वेबसाइटः www.chambalfertilisers.com
(सीआईएनः L24124RJ1985PLC003293)

32वीं वार्षिक साधारण सभा एवं रिमोट ई–वोटिंग की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों की 32वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) शुक्रवार, 15 सितम्बर 2017 को प्रातः 10:30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय गढेपान, जिला कोटा, राजस्थान, पिन–325208 में स्थित 'मल्टी पर्पज हॉल' में, एजीएम के आयोजन की सूचना में निहित व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना दिनांकित 9 अगस्त 2017, जिसमें एजीएम में निष्पादित किए जाने वाले साधारण एवं विशेष व्यवसायों का ब्यौरा है, के साथ प्रॉक्सी फॉर्म, उपस्थिति पर्ची एवं एजीएम के आयोजन स्थल का मार्ग मानचित्र ("एजीएम नोटिस") तथा वित्तीय वर्ष 2016–17 की कम्पनी की वार्षिक रिपोट (i) उन सदस्यों को जिन्होंने कम्पनी अथवा अपने डिपॉज़िटरी सहभागी के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत कराया हुआ है, ई–मेल द्वारा भेजे गये है; तथा (ii) जिन सदस्यों ने उक्त अनुसार अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है या भौतिक प्रतिलिपि के लिए अनुरोध किया उन्हें अनुमत्य विधि से प्रेषित कर दिये गये हैं। कम्पनी ने एजीएम नोटिस एवं वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण **सोमवार, 21 अगस्त 2017** को पूरा कर लिया है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में कम्पनी अपने सदस्यों को एजीएम के आयोजन स्थल से भिन्न किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान की सुविधा (**"रिमोट ई–वोटिंग"**) प्रदान कर रही है। एजीएम में निष्पादित किये जाने वाले प्रस्तावित व्यवसाय इलेक्ट्रॉनिक माध्यम अर्थात् रिमोट ई–वोटिंग से वोटिंग द्वारा निष्पादित किये जा सकते है। कम्पनी ने नेशनल सिक्यूरिटीज़ डिपोज़िटरी लिमिटेड (**"एनएसडीएल"**) को रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए नियुक्त किया है। रिमोट ई–वोटिंग निर्देश एजीएम नोटिस में दिये गये है। एजीएम नोटिस एवं वार्षिक रिपोट कम्पनी की वेबसाइट **www.chambalfertilisers.com** पर उपलब्ध है। एजीएम नोटिस एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध हैं।

हम आगे सूचित करते हैं किः

(i) रिमोट ई–वोटिंग **सोमवार, 11 सितम्बर 2017 को प्रारम्भ होगी (प्रातः 9:00 बजे)**

(ii) रिमोट ई–वोटिंग **बृहस्पतिवार, 14 सितम्बर 2017 को समाप्त होगी (सांय 5:00 बजे)** एवं रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति कथित तिथि तथा समय के पश्चात् नहीं होगी।

(iii) रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम में वोटिंग की योग्यता के निर्धारण हेतु कट–ऑफ तिथि **8 सितम्बर 2017** है। केवल वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभभोगी स्वामियों की सूची में (डी मैटेरिएलाइज्ड तौर पर शेयर धारण के सम्बन्ध मे) कट–ऑफ तिथि अर्थात् **8 सितम्बर 2017** को दर्ज हो, रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा अथवा एजीएम मे मतदान करने का पात्र होगा।

(iv) कोई भी व्यक्ति जो एजीएम नोटिस के प्रेषण के पश्चात् शेयरर्स खरीदता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात् **8 सितम्बर 2017** को शेयर धारक होता है वह **evoting@nsdl.co.in** अथवा **isc@chambal.in** पर आवेदन कर यूजर आई डी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है अथवा इस बारे में टॉल फ्री दूरभाष संख्या 1800–222–990 पर कॉल कर सकता है। यदि शेयर धारक पहले से ही एनएसडीएल के साथ ई–वोटिंग के लिए पंजीकृत है तो वह अपना मौजूदा यूजर आई डी और पासवर्ड रिमोट ई–वोटिंग के जरिये मतदान करने के लिए प्रयोग कर सकता है।

(v) मत–पत्र द्वारा वोटिंग की सुविधा भी एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी एवं एजीएम में उपस्थित वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान न किया हो, एजीएम में अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

(vi) सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकते हैं परन्तु उन्हें एजीएम में पुनः मतदान करने की अनुमति नहीं होगी।

(vii) रिमोट ई–वोटिंग से सम्बन्धित किसी भी स्पष्टीकरण/शिकायत हेतु सदस्य श्री राजीव रंजन, सहायक प्रबन्धक, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कम्पाउन्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई–400 013 से नामित ई–मेल पताः **evoting@nsdl.co.in** अथवा **rajivr@nsdl.co.in** अथवा टेलीफोन नं. 022-2499 4600 /022-2499 4738 पर सम्पर्क कर सकते है अथवा कम्पनी के प्रबन्धक, सेक्रेटेरियल श्री आर. के. जैन से नामित ई–मेल पताः **isc@chambal.in** अथवा कम्पनी के कॉर्पोरेट कार्यालय के ऊपर लिखित पते एवं टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते चम्बल फर्टीलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड
हस्ता/–
राजवीर सिंह
असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट– लीगल एवं सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 21 अगस्त 2017